**आकाशवाणी भोपाल**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक : 02.11.2024** **समय : 07.10pm**

**मुख्य समाचार :—**

- **प्रदेश में गौवंश पालने वालों को मिलेगा क्रेडिट कार्ड, कहा मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने।**
- **छठ पर्व में यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा चलाई जा रही विशेष रेलगाड़ियां।**
- **राज्य में कल मनाया जायेगा भाईदूज का का पर्व।**
- **प्रदेश के कई शहरों में दिखने लगा सर्दी का असर।**

**गोवर्धन पूजा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में गौ—पालन को बढ़ावा देकर किसानों और गौ—पालकों की आर्थिक सशक्तिकरण का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शहरों में कांजी हाऊस के स्थान पर गौ—वंश की देशभाल के लिए गौशालाएं प्रारंभ की जायेगी। प्रदेश में अब गोवंश पालने वालों को भी क्रेडिट कार्ड दिया जाएगा, ताकि वे गोवंश के पालन के लिए रुपयों का इंतजाम कर सकें। वहीं 10 से ज्यादा गोवंश पालने वालों को विशेष अनुदान दिया जाएगा। आज भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय गोवर्धन—पूजा कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में 5 से 10 हजार गोवंश के पालन के लिए जो भी खर्च आएगा, उसका प्रबंध राज्य सरकार करेगी।

उन्होंने कहा कि सरकार ने गोवंश के अवैध परिवहन और तस्करी के मामले में 7 साल की सजा का प्रावधान कर रखा है। सरकार ने यह भी तय किया है कि आने वाले समय में गोवंश का पालन करने और दुग्ध उत्पादन करने वालों को बोनस दिया जाएगा। डॉ. यादव ने कहा कि सरकार ने नेशनल डेयरी बोर्ड के साथ प्रदेश के सभी 51 हजार गांव में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने पर फोकस किया है, ताकि दुग्ध उत्पादन का प्रतिशत 9 से बढ़कर 20 प्रतिशत तक पहुंचाया जा सके। अभी प्रदेश में एक करोड़ 39 लाख पशुधन हैं, जिसे और बढ़ाने पर सरकार काम कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दूध, घी और मक्खन के साथ गौ—काष्ठ का भी उपयोग हो रहा है। गोबर से खिलौने और कलाकृतियां तैयार की जा रही हैं। प्रदेश सरकार गौ—पालन को प्रोत्साहित करने के लिए गौ—शाला को प्रति गाय 20 रुपये के स्थान पर 40 रुपये के अनुदान का निर्णय ले चुकी है। प्रदेश के गुना, बड़वानी, शहडोल, रायसेन, अशोकनगर, बैतूल, खंडवा ,मंदसौर, सीहोर, नीमच सहित अन्य जिलों से भी गोवर्धन पूजा पर्व मनाये जाने का समाचार मिले है।

**छठ— विशेष रेलगाड़ियां**

**रेलवे द्वारा छठ पर्व को ध्यान में रखते हुए यात्रियों की सुविधा और सुगम सफर के लिए विशेष रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं। उत्तर-रेलवे द्वारा राजधानी दिल्ली के आनंद-विहार, नई-दिल्ली और निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से इन विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किया जा रहा है। आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, हिमांशु**

शेखर उपाध्याय ने बताया है कि उत्तर रेलवे द्वारा आज और कल, लगभग 140 रेलगाड़ी दिल्ली क्षेत्र के प्रमुख रेलवे स्टेशनों से परिचालित की जा रही हैं। दिल्ली क्षेत्र के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम भी किये गये हैं, ताकि यात्रियों को रेलगाड़ी पकड़ने में कोई असुविधा न हो। श्री उपाध्याय ने यात्रियों से अपील की है कि किसी भी असुविधा से बचने के लिए वह समय पूर्व रेलवे स्टेशन पहुंचें।

वहीं प्रदेश में छठ–पूजन के लिये विशेष प्रबंध किये जा रहे है। सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने  आज भोपाल में छठ पूजा घाट का निरीक्षण किया और श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुये सभी व्यवस्थाओं को उच्चस्तरीय पैमाने पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**भाई दूज**

प्रदेश में कल भाई दूज का पर्व मनाया जायेगा। इस मौके पर भाइयों द्वारा बहनों की रक्षा का संकल्प लिया जाता है। यह भाई और बहन के बीच प्यार का प्रतीक है। भाई दूज पांच दिवसीय दिवाली उत्सव के आखिरी दिन मनाया जाता है। इस दिन बहनें अपने भाईयों के माथे पर तिलक लगाती हैं। दतिया से हमारे संवाददाता ने बताया कि भाई दूज के दिन जिले में स्थित रतनगढ़ वाली माता का मेला लगता है इस मेले की मान्यता है कि दीपावली के भाई दूज के दिन सर्पदंश से पीड़ित व्यक्तियों द्वारा माता रतनगढ़ देवी और कुंवर बाबा के दर्शन के बाद बंध खुलते हैं।

**आयुष्मान कार्ड**

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य आज से जबलपुर जिले में शुरू हुआ । प्रतिवर्ष पाँच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य सुरक्षा कवच प्रदान करने की इस योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड जिला अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज सहित जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं उप स्वास्थ्य केंद्रों में बनाये जा रहे हैं। समग्र डेटा बेस के अनुसार जिले में 1 लाख 88 हजार 490 वरिष्ठ नागरिक आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य मिशन योजना के पात्र हैं।

एकात्म संवाद

आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास, संस्कृति विभाग द्वारा भारत भवन भोपाल में 3 नवंबर को एकात्म संवाद एवं 4 से 6 नवंबर तक पहली बार नृत्य से जुड़े प्रमुख कलाकारों एवं विषय-विशेषज्ञों के साथ कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। रविवार 3 नवंबर को शाम 6 बजे से आयोजित 'एकात्म संवाद' में स्वामिनी विमलानंद सरस्वती के साथ दुबई, यूएई में न्यूरोलॉजिस्ट एवं माई ब्रेन डिजाइन की संस्थापक डॉ. श्वेता अदातिया संवाद करेंगी। भारत भवन में पहली बार इस तरह के अनूठे एवं नवीन सन्दर्भ में 'नृत्य में अद्वैत' विषयों पर तीन दिवसीय कार्यशाला होगी,जिसमें नृत्य से जुड़े विविध-सत्र आयोजित होंगे।

**मौसम**

प्रदेश के कई शहरों में सर्दी का असर दिखने लगा है। मौसम विभाग ने नवंबर के दूसरे हफ्ते सर्दी बढ़ने का अनुमान जताया है। उत्तरी हवाओं के असर से भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन और दूसरे शहरों में रात के तापमान में गिरावट आएगी। कल प्रदेश के एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी सबसे सर्द रहा। यहां रात का तापमान 12.6 डिग्री पहुंच गया। उज्जैन, मंडला समेत 25 से ज्यादा शहरों में पारा 20 डिग्री से नीचे ही रहा।

## बॉक्सिंग

**मध्यप्रदेश राज्य बॉक्सिंग अकादमी की उभरती हुई खिलाड़ी अंजलि कुमारी सिंह ने अमेरिका के कोलोराडो में आयोजित U-19 वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में 57 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीतकर देश और प्रदेश का नाम रौशन किया है। अंजलि की इस ऐतिहासिक सफलता पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।**

**समाचार संक्षेप :-**

- शहडोल जिले के बंधवाबाड़ा गांव में दीपावली के अवसर पर पीएम जनमन योजना के तहत 20 बैगा परिवारों को पीएम आवास मिला है।
- नर्मदापुरम में मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशों पर नेशनल लोक अदालत 14 दिसंबर को आयोजित होगी। लोक अदालत में आपराधिक, चैक बाउंस, क्लेम, विद्युत चोरी आदि के प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा।
- सीहोर जिले के बुधनी विधानसभा उप निर्वाचन के लिए आगामी 13 नवंबर को मतदान होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने क्षेत्र के सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का उपयोग कर मतदान करने की अपील की है।
- शिवपुरी जिले में मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा माधवराव सिंधिया खेल परिसर में फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया।